# हरियाणा विधान सभा

**बजट सत्र 2024**

**तारांकित प्रश्न**

## 27 फ़रवरी 2024

----

**कुल प्रश्न 20**

----

## स्मार्ट सिटी का दर्जा

***61 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) राज्य में उन शहरों की कुल संख्या कितनी है जिन्हें वर्ष 2014 से 2023 तक सरकार द्वारा स्मार्ट सिटी का दर्जा दिया गया है;

(ख) राज्य के सभी शहरों को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के लिए केंद्र तथा राज्य सरकारों द्वारा प्रति वर्ष कितनी राशि आवंटित की गई है; तथा

(ग) वर्तमान में प्रत्येक स्मार्ट सिटी पर कितनी राशि खर्च की गई तथा कितनी राशि शेष है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना

***62 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों में खेल स्टेडियम बुरी अवस्था में है; तथा

(ख) क्या झज्जर विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विभिन्न गांवों जैसे- गांव बिरधाना, बहु, जमालपुर, मातनहेल, कबलाना, बिरहोड़, सुरेहती, खेड़ी होसादरपुर, कोंद्रावाली तथा खाचरौली, तला में ट्रैक, चारदीवारी, उपकरण, पीने का पानी तथा शौचालयों की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त सुविधाएं कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## मोरनी ब्लॉक में बंदोबस्त के लिए

***63 श्री प्रदीप चौधरी (कालका):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क)क्या कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के मोरनी ब्लॉक में बंदोबस्त (सैटलमेंट) कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो क्या जमाबंदी, वन भूमि तथा सरकारी भूमि इत्यादि में स्वामित्व के अनुसार कृषि भूमि को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करते हुए जमीन का नक्शा ( सिजरा) तैयार

किया जाएगा तथा जिसमें विभिन्न गांवों वन क्षेत्र, जलाशयों, शमशान घाटों इत्यादि की ओर जाने वाले रास्तों/ मार्गों को दर्शाने का ब्यौरा होगा तथा भूमि बंदोबस्त प्रक्रिया को कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?

----

## कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना

***64 श्री राम कुमार गौतम ( नारनौंद):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि नारनौंद में सरकार द्वारा कुछ अवैध कॉलोनियों को नियमित किया गया है; यदि हां, तो क्या उपरोक्त कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इन सुविधाओं को कब तक उपलब्ध करवाए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सकों की कमी

***65 श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क )क्या यह तथ्य है कि राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा चिकित्सकों की कमी है; यदि हां, तो विशेषज्ञ चिकित्सकों का कैडरवार ब्यौरा क्या है;

(ख) राज्य में विशेषज्ञ चिकित्सकों के स्वीकृत पदों के प्रकार कितने हैं तथा रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य में चिकित्सा अधिकारियों के पदों की संख्या कितनी है तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है;

(घ) राज्य में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के पदों की संख्या कितनी है तथा रिक्त पदों की संख्या कितनी है;

(ड) राज्य में चिकित्सकों के रिक्त पदों का जिले-वार तथा अस्पताल-वार ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सोनीपत के अस्पतालों के नाम क्या है; तथा

(च) क्या गत ९ वर्षों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के दो तिहाई पद भरे गए हैं?

----

## घोटाले का ब्यौरा

***66 श्री नीरज शर्मा (फरीदाबाद एनआईटी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) नगर निगम, फरीदाबाद में बिना किसी कार्य के निष्पादन के रुपए 200 करोड की राशि के घोटाले के संबंध में कैग (सी.ए.जी) की रिपोर्ट दिनांकित 31.03. 2021 के पैरा 5.8 में उल्लेखित टिप्पणियां क्या हैं; तथा

(ख) उन अधिकारियों के नाम क्या हैं जिन्होंने नगर निगम, फरीदाबाद में बिना किसी कार्य के रुपए 200 करोड़ के घोटाले का भुगतान किया तथा उनमें से उन अधिकारियों के नाम क्या हैं जिनके विरुद्ध जांच की जा रही है तथा शेष अधिकारियों के विरुद्ध जांच न करने के कारण क्या हैं तथा उसका अधिकारी-वार ब्यौरा क्या है?

----

## एक नया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

***67 श्री सत्य प्रकाश ( पटौदी):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला गुरुग्राम में पटौदी विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के गाँव मऊ लोकरी में एक नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत नौकरियों में अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण

***68 श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा की जा रही भर्तियों में अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने का कोई प्रावधान है;

(ख) हरियाणा रोजगार कौशल निगम के अंतर्गत अब तक की गई भर्तियों की कुल संख्या कितनी है; तथा

(ग) क्या हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अंतर्गत विदेशों में सरकार द्वारा नौकरियां प्रदान की गई है तथा कुल कितनी नौकरियां प्रदान की गई हैं तथा देशों के नाम क्या हैं?

----

## अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग की चौपालों का निर्माण करना

***69 श्री सीता राम यादव ( अटेली):**

क्या विकास एवं पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में उन गांव की संख्या कितनी है जिनमें अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग की चौपालों का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या शेष गांवों में उक्त चौपालों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उक्त चौपालों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## पुलों का कार्य पूरा करना

***70 श्री असीम गोयल नन्न्योला (अंबाला शहर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अंबाला जिले के गांव खैरा को जोड़ने वाली एस.वाई.एल नहर, एस.वाई.एल नरवाना ब्रांच, समानांतर ड्रेन पर पुलों के निर्माण कार्य पूरे हो गए हैं; यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं ?

----

## कॉमन बॉयलर लगाना

***71 श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या पानीपत के उद्योगों को लाभकारी बनाने के लिए कॉमन बॉयलर लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि सर्दी के मौसम के दौरान उच्च प्रदूषण स्तर होने के कारण बॉयलर को बंद करना पड़ता है; यदि हां, तो उक्त समय के दौरान इन बॉयलरों को कार्यात्मक रखने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक जन औषधि केंद्र खोलना

***72 श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) दादरी जिले के 30 जीर्ण-शीर्ण उप-स्वास्थ्य केन्द्रों को कब तक पुनः निर्मित किए जाने की संभावना है;

(ख)क्या दादरी शहर के नागरिक अस्पताल में किफायती दरों पर दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए एक जन औषधि केंद्र खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव को कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि दादरी जिला मुख्यालय में स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों की बढती संख्या को देखते हुए एक अतिरिक्त एक्स-रे मशीन की आवश्यकता है; यदि हां, तो उक्त अतिरिक्त एक्स-रे मशीन कब तक लगाए जाने की संभावना है;

(घ) नागरिक अस्पताल, दादरी में सिटी स्कैन तथा एम. आर. आई. की सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है; तथा

(ड) नागरिक अस्पताल, दादरी में ब्लड बैंक की सुविधा कब तक उपलब्ध कराए जाने की संभावना है?

----

## नए बस स्टैंड का निर्माण करना

***73 श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या इंद्री शहर में एक नए बस स्टैंड का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

----

## एक ही ब्लॉक एवं तहसील में गाँवों को शामिल करना

***74 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि तीन गांव अर्थात् भिंडावास, बिलोचपुरा तथा शाहजहांपुर तहसील मातनहेल में आते हैं तथा उनका ब्लॉक झज्जर है जिसके कारण इन गांवों के

लोगों को अपने तहसील के काम के लिए मातनहेल जाना पड़ता है तथा अपने सत्यापन कार्यों के लिए ब्लॉक झज्जर जाना पड़ता है जो विपरीत दिशा में स्थित है; तथा

(ख)यदि हां, तो उपरोक्त गांवों को झज्जर के ब्लॉक तथा तहसील में सम्मिलित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ई- पुस्तकालयों की संख्या

*75 **श्री वरुण चौधरी (मुलाना):**

क्या विकास एंव पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में निर्मित ई- पुस्तकालयों की जिलावार संख्या कितनी हैं तथा उन ई- पुस्तकालयों की संख्या कितनी है जो कि बिजली, इंटरनेट, कंप्यूटरों तथा फर्नीचर के साथ कार्यरत हैं ?

----

## बी.पी.एल परिवारों को राशन उपलब्ध कराना

*76 **चौ. आफताब अहमद (नूंह):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएगें कि:-

(क) राज्य में अक्तूबर, नवंबर तथा दिसंबर, 2023 में राशन से वंचित बी.पी.एल परिवारों की संख्या कितनी है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा इसका जिला-वार ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) क्या उक्त वंचित परिवारों के बीच राशन वितरित किए जाने की संभावना है; यदि हां, तो ऐसे परिवारों को राशन कब तक वितरित किए जाने की संभावना है?

----

## विद्यालय भवन का निर्माण करना

*77 **श्री चिरंजीव राव ( रेवाड़ी):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या रेवाड़ी में लड़कों के लिए राजकीय विद्यालय के भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त निर्माण कार्य को कब तक आरम्भ तथा पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## नए पशु चिकित्सालयों का निर्माण करना

*78 **श्री जोगी राम सिहाग ( बरवाला):**

क्या पशुपालन एवं डेयरी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) बरवाला विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले जीर्ण-शीर्ण पशु चिकित्सालयों की संख्या कितनी है;

(ख) क्या उक्त कंडम पशु चिकित्सालयों को गिराने के बाद नए पशु चिकित्सालयों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ग) यदि हां, तो उक्त पशु चिकित्सालयों का निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## शहीद के बेटे को नौकरी उपलब्ध कराना

*79 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि करीब तीन साल पहले, गोहाना के बुटाना के पास शहीद हुए एस.पी.ओ कप्तान सिंह के बेटे को नौकरी देने का आश्वासन दिया गया था; यदि हां, तो उक्त शहीद के पुत्र को नौकरी न दिए जाने के कारण क्या हैं ?

----

## फसल बीमा की बकाया राशि

***80 श्री अभय सिंह चौटाला ( ऐलनाबाद):**

क्या उप मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि :-

(क) गत् तीन वर्षों (2021-22 से 2023- 24) से किसानों की फसल के नुकसान पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत मुआवजे की कितनी राशि बीमा कंपनियों के पास लंबित/ बकाया है तथा इसका वर्ष-वार तथा जिला- वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उपरोक्त 'क' में उल्लेखित बकाया राशि का भुगतान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं तथा भुगतान न करने वाली दोषी कंपनी के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई तथा उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह तथ्य है कि खरीफ,2023 के जून तथा जुलाई में भारी वर्षा के कारण कपास तथा धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है;

(घ) यदि हां, तो क्या विभाग द्वारा फसलों के नुकसान का मूल्यांकन तैयार कर लिया गया है या नहीं; तथा

(ङ) यदि हां, तो किसानों को कितना मुआवजा जिलावार वितरित किया गया तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

**चंडीगढ़.** **राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**दिनांक 27 फ़रवरी, 2024.** **सचिव**